प्रभात
छिपाएंगे नहीं, छापेंगे
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv

एसएमएस में लगाई सीनेटरी नेपकिन मशीन

लखनऊ। प्रभात

लॉयंस क्लब अवध लखनऊ एवं स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज लखनऊ विगत कई वर्षों से सामाजिक उत्थान के विभिन्न कार्यक्रम साथ-साथ करते आ रहे हैं। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन संस्थान के परिसर में आयोजित किया जाता है, इसी श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुये लॉयंस क्लब लखनऊ के द्वारा अध्ययनरत छात्राओं एवं कार्यरत अध्यापिकाओं के सुविधा हेतु 2 सीनेटरी नेपकिन मशीन एस.एम.एस. लखनऊ को निःशुल्क उपलब्ध कराई गयी है। एक मशीन की स्थापना कॉलेज परिसर में एवं दूसरी मशीन की स्थापना गर्ल्स हॉस्टल, विकल्प खण्ड, गोमती नगर में दिनांक 6 जुलाई, 2019 को एक आयोजित कार्यक्रम में की गयी।। इस कार्यक्रम में लॉयंस क्लब के वॉयस डिस्ट्रिक गर्वनर (प्रथम) कमल शेखर गुप्ता तथा (द्वितीय) जगदीश अग्रवाल, एक्टिविटी चेयर पर्सन एवं सचिवविनीत श्रीवास्तवा, क्लब प्रेसीडेन्ट हर्ष रेवाड़ी तथा लॉयंस क्लब के अन्य लोगों के साथ साथ एस.एम.एस. संस्थान के सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी- शरद सिंह , डायरेक्टर जनरल-प्रो० (डॉ०) बी०आर० सिंह जी, डीन एकेडमिक-प्रो० (डॉ०) धर्मेन्द्र सिंह, आदित्य प्रताप सिंह, कार्यक्रम कोंओिर्डनेटर, सामाजिक उत्थान, एस०एम०एस० लखनऊ एवं संस्थान के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिका उपस्थित थे। दोनों मशीनों का शुभारम्भ शरद सिंह, सचिव एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एस०एम०एस० लखनऊ के करकमलो द्वारा किया गया।